
ऊन की कहानी

मेरेडिथ हूपर


चित्र: कथरीन मैकवेन




ऊन की कहानी


मेरेडिथ हूपर

चित्र: कथरीन मैकवेन




यह भेड़ें हैं
जो मैदान में खड़ी हैं
और घास खा रही हैं.







यह किसान है
वो उन भेड़ों का मालिक है
जो मैदान में खड़ी हैं
और घास खा रही हैं.



यह वो कुत्ता है
जो भेड़ों पर निगरानी रखता है
वो भेड़े जो मैदान में खड़ी हैं
और घास खा रही हैं.

यह वो "शीयरर" है
जो भेड़ों का ऊन काटता है
उन भेड़ों का
जो मैदान में खड़ी हैं
और घास खा रही हैं.





यह वो हेल्पर है


जो ऊन को उठाता है

उस लोचदार और मुलायम ऊन को

जो भेड़ों से आया है

उन भेड़ों से जो मैदान में खड़ी हैं

और घास खा रही हैं.



यह वो "क्लासर" है
जो ऊन की लंबाई जाँचता है
और ऊन की ताकत को मापता है
वो ऊन की ग्रेडिंग करता है
वो ऊन जो उन भेड़ों से आया है
जो मैदान में खड़ी हैं
और घास खा रही हैं.

यह वो प्रेसर है

जो ऊन को पूरी तरह दबाकर


उसकी गांठ (बेल) बनाता है

गांठ बढ़िया ऊन की है


वो ऊन जो उन भेड़ों से आया है

जो मैदान में खड़ी हैं

और घास खा रही हैं.



यह वो ट्रकवाला है
जो अपने ट्रक में
गांठ (बेल) को लोड करता है
और उसे ट्रांसपोर्ट करता है
वो ऊन जो उन भेड़ों से आया है
जो मैदान में खड़ी हैं
और घास खा रही हैं.





यह वो खरीदार है
जो ऊन को देखती है
वो सबसे अच्छा ऊन चुनती है
और बाकी को छोड़ देती है
वो ऊन जो उन भेड़ों से आया है
जो मैदान में खड़ी हैं
और घास खा रही हैं.




यह वो मिल-मशीन है
जहाँ ऊन आने के बाद













उसे साफ़ किया जाता है

उसकी लंबी लोई बनाई जाती है

और उसे कंघी किया जाता है.



फिर ऊन को मरोड़ा, काता, और रंगा जाता है
ऊन को चमकीले रंग की
गेंदों में लपेटा जाता है
वो मुलायम ऊन
जो ऊन भेड़ों से आया है
जो मैदान में खड़ी हैं
और घास खा रही हैं.



यह वो आंटी हैं
जो दुकान पर जाती हैं
और वहां से ऊन के गोले खरीदती हैं
उन्होंने चमकीले रंग का ऊन खरीदा
वो ऊन जो उन भेड़ों से आया है
जो मैदान में खड़ी हैं
और घास खा रही हैं.



फिर उन्होंने ऊन को बुना..



और बुना...



और बुना...



और बुना...



और उससे एक गर्म स्वेटर बनाया.

यह जैक है
जो उस स्वेटर को पहने हुए है
स्वेटर उस ऊन का बना है
जो उन भेड़ों से आया है
जिन्होंने अधिक घास खाई है
और अधिक ऊन उगाया है.

